हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, मंगलवार 14 अक्टूबर 2025
भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा



## खबर संक्षेप

### गौसेवा आयोग के ब्लाक अध्यक्ष बने बैरागी

**किरंदुल।** छत्तीसगढ़ शासन के पशुधन विकास विभाग द्वारा छग गौसेवा आयोग अधिनियम 2005 यथा संशोधित के नियम 16-क के प्रावधानानुसार जिला स्तरीय एवं विकासखंड स्तरीय समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों की नियुक्ति की गई है। विकासखंड कुआकोंडा के लिए किरंदुल के प्रसिद्ध समाजसेवी एवं पत्रकार रामकृष्ण बैरागी को अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है। नकुलनार के अनिकेत चौहान, पवन सिंह राठौर, विश्वजीत सिंह राठौर को सदस्य नियुक्त किया गया है।

### शताब्दी वर्ष पर संघ ने किया पथ संचलन

**किरंदुल।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में रविवार को नगर में देशभक्ति से ओतप्रोत भव्य पथ संचलन संपन्न हुआ। अपराह्न 3 बजे बंगाली कैंप दुर्गा मंडप प्रांगण में सैकड़ों गणवेशधारी स्वयंसेवक एकत्र हुए, जहां शंखनाद और संघ प्रार्थना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इसके बाद स्वयंसेवकों ने संगठित पंक्तियों में कदमताल करते हुए नगर के बंगाली कैंप गजराज कैंप मल्लप्पा कैंप मुख्य बाजार व एनएमडीसी क्षेत्र के विभिन्न मार्गों पर पथ संचलन निकाला। संचलन के दौरान स्वयंसेवकों की अनुशासित चाल, बैंड की स्वर लहरियां और भारत माता की जयघोष से पूरा नगर गूंज उठा।इस दौरान स्थानीय महिलाओं ने पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया और देशभक्ति गीतों से माहौल को और उत्साहपूर्ण बनाया। पथ संचलन का समापन राघव मंदिर परिसर में हुआ । जहां उपस्थित स्वयंसेवकों और अतिथियों ने संगठन के शताब्दी वर्ष पर गर्व व्यक्त करते हुए राष्ट्रभावना को सर्वोपरि रखने का संकल्प लिया।

### रेत खदानों का आबंटन अब ई-नीलामी प्रणाली से होगा

**दंतेवाड़ा।** राज्य शासन के भू-विज्ञान एवं खनिज विभाग द्वारा प्रदेश में गौण खनिज साधारण रेत खदानों का आबंटन अब ई-नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा। इसके लिए एमएसटीसी (एमएसटीसी) पोर्टल का उपयोग किया जाएगा।

### व्यवसायी नवजीत हलधर को दी गई श्रद्धांजलि

**जगदलपुर।** अंजू सिलाई सेंटर में व्यवसायी नवजीत हलधर के आकस्मिक निधन पर शोक सभा में श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर संस्था की संचालिका अंजू रॉय, भानुचंद्र दास, षष्ठी सरकार, एस एन राय, किशोर सरकार, सुजीत सरकार, तुलसी सरकार, काजल साव, हेमा, गीता, अनीता श्रीवास्तव, मीना साहू, अमित श्रीवास्तव, कृष्णानंद झा, पीलू बघेल, दीपक, राहुल पाठक दिगेश्वरी, सुनीता मौजूद रहे।

### प्रदूषण जांच केंद्र खोलने नहीं मिला आवेदन

**दंतेवाड़ा।** जिला परिवहन अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार केन्द्रीय मोटर यान नियम 1989 के तहत राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ मोटरयान प्रदूषण जांच केन्द्र योजना 2001 लागू की गई है। इसी क्रम में जिला परिवहन अधिकारी द्वारा पूर्व में डीजल एवं पेट्रोल से संचालित वाहनों के प्रदूषण जांच हेतु नवीन प्रदूषण जांच केंद्र खोलने के संबंध में प्रेस विज्ञप्ति जारी की गई थी।

पेज 05 के शेष...

### नावडबरी के दो...

दोनों परिवारों का स्वागत किया और उनके निर्णय की सराहना किया। ग्राम के लोगों ने इस आयोजन को आस्था, परंपरा और सांस्कृतिक चेतना की पुनर्स्थापना बताया। शीतला मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना के बाद भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम का समापन सर्व समाज के सामूहिक आशीर्वाद और एकता के संकल्प के साथ हुआ। धार्मिक भावना और सामाजिक समरसता से परिपूर्ण यह आयोजन गांव में चर्चा का विषय बन गया। ग्रामीणों ने कहा कि जब समाज अपनी जड़ों से जुड़ता है, तो उसकी पहचान और सम्मान और भी मजबूत होता है।

---

**भूमिपूजन : भाजपा का उद्देश्य निरंतर विकास : विधायक**

# विधायक नेताम ने हाईमास्ट लाइट के लिए भूमिपूजन व पानी टैंकर का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना



सरोना तहसील के अंतर्गत ग्राम मुड़पार में ठाकुर भाव सिंह महाविद्यालय नरहरपुर एवं शासकीय बालक उमावि द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक आशाराम नेताम ने ग्राम के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए हाईमास्ट लाइट का भूमिपूजन एवं पानी टैंकर का लोकार्पण किया। मुख्य अतिथि विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार का उद्देश्य ग्राम स्तर पर विकास कार्यों को निरंतर गति देना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास के संकल्प को धरातल पर उतारने के लिए राज्य की भाजपा सरकार ग्राम-ग्राम तक योजनाओं का विस्तार कर रही है। मूलभूत सुविधाओं जैसे रोशनी, पेयजल, सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य के बिना किसी भी गांव का विकास अधूरा है और इसी सोच के तहत ग्राम मुड़पार में हाईमास्ट लाइट और पानी टैंकर की सुविधा दी गई है ताकि ग्रामीणों को प्रत्यक्ष लाभ मिल सके। विधायक ने एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के शिविर युवाओं में सामाजिक चेतना, अनुशासन और ग्राम विकास की भावना जागृत करते हैं। उन्होंने स्वयंसेवकों को प्रेरित करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी देश की ताकत है, जब युवा समाज सेवा और ग्रामोदय के पथ पर चलेंगे तो देश निश्चित रूप से आत्मनिर्भर भारत बनेगा।

शिविर के दौरान ग्राम में स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, जनजागरूकता रैली, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था। सात दिनों तक चले इस शिविर में विद्यार्थियों ने ग्राम के विकास कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाई। गांव का विकास ही राष्ट्र की प्रगति का आधार है। भाजपा सरकार ग्राम-ग्राम तक विकास की रौशनी पहुंचाने के लिए कृतसंकल्प है। यह यात्रा थमेगी नहीं, आगे और भी योजनाएं आपके द्वार तक पहुंचेंगी।

समापन अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर, पूर्व जनपद सदस्य कमल ध्रुवा, ग्राम पंचायत सरपंच गंगाराम शोरी, उप सरपंच राजकुमार कश्यप, ग्राम पटेल अमर सिंह कुमेटी, भाजपा मंडल अध्यक्ष टिकेश्वर सिन्हा, पूर्व मंडल अध्यक्ष यशवंत सुरोजिया, भाजपा नेता बालाराम साहू, जीवन नेताम, तथा एनएसएस प्रभारी शिक्षक लक्ष्मण शुक्ला व भूपेंद्र सिन्हा सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## पुरुषोत्तम कुमार गुप्त मतदान प्रक्रिया से ढीमर समाज के जिला अध्यक्ष निर्वाचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



ढीमर समाज के जिला अध्यक्ष, सचिव व कोषाध्यक्ष पद के लिए चुनाव का आयोजन सिविल लाईन माहुरबंदपारा में किया गया था। यह चुनाव जिला के अंतर्गत आने वाले चारामा तहसील, नरहरपुर व कांकेर, भानुप्रतापपुर के स्वाजातीय सामाजिक सदस्यों द्वारा निर्वाचित पंचो द्वारा गुप्त मतदान में मतपत्र के माध्यम से चुनाव किया गया।

रामचंद्र भगवान की पूजा अर्चना के पश्चात ढीमर समाज के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष का चुनाव कार्यक्रम प्रारंभ किया गया, जिसमें अध्यक्ष पद के लिए छः प्रत्याशियों ने आवेदन प्रस्तुत किया था, जिसमें दो महिला प्रत्याशी किरण नाग व सीमा फूटान ने फार्म भरा था एवं मदन लाल कोसरिया, विष्णु मटियारा, मोहन नाविक एवं पुरुषोत्तम केशरवानी ने आवेदन प्रस्तुत किया था। चारामा परिक्षेत्र के मदन कोसरिया व विष्णु मटियारा ठेलकाबोड़ ने पुरुषोत्तम केशरवानी के समर्थन में अपना नाम वापस ले लिया था तथा अध्यक्ष चुनाव में पुरुषोत्तम कुमार केशरवानी ने अपने निकटतम प्रतिद्वन्दी मोहन नाविक को 37 मतों से पराजित किया तथा अध्यक्ष पद पर विजयी घोषित किया गया। सचिव पद पर कृष्णा हिरवानी ग्राम अर्जुनी एवं कोषाध्यक्ष पद पर जितेन्द्र मटियारा ग्राम तेलगुड़ा तहसील चारामा चुनाव में विजयी घोषित किए गए। इस पांच वर्षीय कार्यकाल के चुनाव को पूर्ण कराने के लिए छग राज्य के महासभा ढीमर समाज के अध्यक्ष सुरेश कुमार धीवर, महासचिव रामलाल पेदरिया एवं कोषाध्यक्ष पवन कुमार चीवर रायपुर के साथ मुख्य चुनाव अधिकारी परमेश्वर फूटान व सोहन धीवर उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि छग मतस्य कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा उपस्थित रहे। इस चुनावी व वार्षिक सम्मेलन में भारी संख्या में सामाजिक सदस्य, माता व बहनें उपस्थित रहे एवं चुनाव कार्यक्रम शांतिपूर्ण हुआ। चुनाव अधिकारी द्वारा चुनाव में विजय होने का प्रमाण पत्र नवनिर्वाचित पदाधिकारी को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। चारामा व कांकेर के सामाजिक सदस्यों ने तनमन धन से सहयोग कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## एसडीआरएफ ने पटाख दुकानों को आग से बचाव जारी की एडवायजरी

**कांकेर।** जिले में संचालित समस्त स्थायी एवं अस्थायी पटाखा दुकानों में आग से बचाव के लिए नगर सेना, अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं तथा एसडीआरएफ मुख्यालय रायपुर से परामर्श जारी किया गया है। जारी की गई एडवायजरी के अनुसार पटाखा दुकान किसी भी ज्वलनशील पदार्थ जैसे कपड़ा, बांस रस्सी, टेंट इत्यादि का न होकर अज्वलनशील सामग्री से बने टिन शेड द्वारा निर्मित होना चाहिए। पटाखा दुकान एक दूसरे से कम से कम 3 मीटर की दूरी पर एवं एक दूसरे के सामने न बनाई जाए। पटाखा दुकानों में प्रकाश व्यवस्था के लिए किसी भी प्रकार के तेल लैप, गैस लैप एवं खुली बिजली बत्ती का प्रयोग प्रतिबंधित होना चाहिए। किसी भी पटाखा दुकान से 50 मीटर के अंदर आतिशबाजी प्रदर्शन प्रतिबंधित होनी चाहिए। विद्युत तारों में ज्वाइन्ट खूला नहीं होना चाहिए एवं प्रत्येक मास्टर स्विच में फ्यूज या सर्किट ब्रेकर लगा होना चाहिए, जिससे शार्ट सर्किट की स्थिति में विद्युत प्रवाह स्वतः बंद हो जाए। दुकानें ट्रांसफार्मर के पास न हो और उसके ऊपर से हाई टेंशन पावर लाईन न गुजरती हो। प्रत्येक पटाखा दुकान में 5 किलोग्राम क्षमता का डीसीपी अग्निशामक यंत्र होना चाहिए। इसकी मारक क्षमता 6 फीट की होती है। दुकानों के सामने कुछ अंतराल में 500 लीटर क्षमता के ड्रम की व्यवस्था बाल्टियों के साथ होनी चाहिए। पटाखा दुकानों के सामने बाईक, कार की पार्किंग प्रतिबंधित होना चाहिए। अग्निशमन वाहन एवं एम्बुलेंस का फोन नंबर, दुकान परिसर के कुछ स्थानों में लगाया जाए तथा अग्निशमन वाहन के मूवमेंट के लिए पर्याप्त स्थान होना चाहिए।

## सोशल मीडिया में धमकी देने व आरोप लगाने की नपं अध्यक्ष ने शिकायत की



**पखांजूर।** पखांजूर के नगर पंचायत के उपाध्यक्ष शंकर सरकार ने सोशल मीडिया पर झूठे आरोप लगाने और जान से मारने की धमकी देने के संबंध में पुलिस थाना में एकन लिखित शिकायत दर्ज कराई है। उपाध्यक्ष ने बताया कि प्रशांत कर्मकार निर्दलीय पार्षद वार्ड क्रमांक 12 द्वारा सोशल मीडिया में मवेशी बाजार नीलामी को लेकर उन पर झूठा आरोप लगाया गया है।

शिकायत में उपाध्यक्ष ने कहा गया है कि प्रशांत कर्मकार ने उन पर दबाव डालने के उद्देश्य से झूठा आरोप लगाया और जान से मारने की धमकी दी। शंकर सरकार के अनुसार झूठा आरोप और धमकी देने के कारण उनकी व्यक्तिगत, सामाजिक और राजनीतिक छवि खराब हुई है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि मेरे द्वारा उक्त पार्षद पर कभी भी किसी मामले में दबाव नहीं बनाया गया और न ही जान से मारने की धमकी दी गई। इसके बावजूद उक्त पार्षद ने पूर्वग्रह से ग्रसित होकर जानबूझकर उनकी छवि खराब करने के लिए बेबुनियाद दाग लगाया है, जिससे उन्हें अत्यंत ठेस पहुंची है। उपाध्यक्ष शंकर सरकार ने पुलिस से निवेदन किया है कि सच्चाई को जानकर उक्त व्यक्ति पर कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि उन्हें न्याय मिल सके। शिकायत पर पखांजूर पुलिस ने कार्यवाही शुरू कर दी है।

## खराब मूंगफली बीज थमाकर किसानों के भविष्य से खिलवाड़, कार्रवाई की माँग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

कृषि विभाग की घोर लापरवाही और मनमानी का खामियाजा भोले भाले ग्रामीण किसानों को भुगतना पड़ रहा है। शासन द्वारा ग्रीष्मकालीन फसल के लिए आवंटित किया गया मूंगफली का बीज कृषि विभाग के अधिकारियों ने समय पर वितरित नहीं किया। विभाग की लापरवाही उजागर हुई है और जाँच की माँग किया गया।

कृषि सभापति की शिकायत के बाद मामले ने तूल पकड़ा और उसके बाद विभाग के अमले ने आनन-फानन में किसानों को खराब और बोने के अयोग्य बीज थमा दिए। ग्रामीणों ने कृषि विभाग पर अनियमितता का गंभीर आरोप लगाया है। किसानों का कहना है कि जो बीज उन्हें 2024 में दिया जाना था, वह अक्टूबर 2025 में दिया जा रहा है, जब खेती के लिए पर्याप्त पानी का साधन उपलब्ध नहीं है और मौसम भी अनुकूल नहीं। किसान सुरजू आचला ने बताया कि उन्हें मिला मूंगफली का बीज खराब हो चुका है और बोने लायक नहीं है। सगीना आंचला ने जानकारी दी कि उनके दिवंगत भाई के नाम पर दो बोरी बीज अक्टूबर में दिया गया है, जबकि यह जून में मिलना था। उन्होंने सवाल उठाया कि पर्याप्त जल संसाधन के अभाव में अब वे खेती कैसे करेंगे? किसान दीपक कुमार आंचला, अमित तराम सहित अन्य किसानों ने कृषि विभाग की घोर लापरवाही और अनियमितता पर तत्काल सख्त कार्रवाई करने की मांग किया है। कृषि विभाग के इस रवैये से किसानों के भविष्य पर सवालिया निशान खड़ा हो गया है। समय पर बीज न देना और फिर खराब बीज बांटना विभाग की कार्यशैली पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगाता है। इस मामले में उच्च स्तरीय जांच और जिम्मेदार अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई अपेक्षित है।

### अधिकारी का अजीबोगरीब तर्क

वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कोयलीबेड़ा नवलू राम नेताम का कहना है कि यह बीज गर्मी के समय 2025 आवंटित हुआ था, लेकिन बारिश सामने होने के कारण वितरण नहीं किया गया, क्योंकि उनके अनुसार किसान बीज को नष्ट कर देते, दूसरे कामों में उपयोग कर देते और उत्पादन नहीं करते। अधिकारी का यह बयान न केवल विभाग की मनमानी दर्शाता है, बल्कि किसानों की नीयत पर भी सवाल खड़ा करता है।

## बाल नृत्य कला में श्रेष्ठ स्टाइल के लिए कृतिका पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल



लौहनगरी किरंदुल शहर की 5 साल की आर.कृतिका राव पिता आर मनमध राव ने गुरू नेपाल मलिक के मार्गदर्शन में मैनर श्रेणी में सोलो प्रदर्शन दिया। जिसमे आर.कृतिका ने सभी प्रतिभागियों को पीछे छोड़ कर प्रथम स्थान प्राप्त किया और साथ ही उसके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये बाल नृत्य कला श्रेष्ठ टाईटल से सम्मानित किया गया।

ऑल इंडिया डांसर्स एसोसिएशन नित्याथी कलाक्षेत्रम और नवीन संगीत कॉलेज के सहयोग से नृत्य, संगीत और वाद्ययंत्र की अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता और नटवर गोपीकृष्ण राष्ट्रीय पुरस्कार जो रायपुर के रंग मंदिर में 2 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक चलने वाले इस प्रतियोगिता में किरंदुल शहर की कृतिका ने 10 अक्टूबर को मैनर श्रेणी में सोलो प्रदर्शन दिया। जिसमे आर.कृतिका ने सभी प्रतिभागियो को पीछे छोड़ कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। और साथ ही आर कृतिका को उसके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये बाल नृत्य कला श्रेष्ठ टाईटल से सम्मानित भी किया गया ये वही बच्ची है जिसने 2 महीने पहले झूम तराना महोत्सव मे पहला स्थान हासिल कर दंतेवाड़ा जिले का नाम रोशन किया था।



## निर्भय बने सहायक शिक्षक फेडरेशन के जिला अध्यक्ष

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र फेडरेशन के प्रांतीय आव्हान पर जिला कांकेर इकाई का संगठनात्मक चुनाव कांकेर के गोविंदपुर में हुआ। चुनाव प्रक्रिया प्रांत से आए चुनाव प्रभारी विमल बघेल की देखरेख में पारदर्शी और शांतिपूर्ण तरीके से पूरी की गई।

निर्धारित प्रक्रिया के तहत एक पीठाशीन अधिकारी की नियुक्ति कर जिला अध्यक्ष पद के लिए नामांकन आमंत्रित किए गए, जिसमें दो प्रत्याशी पूर्व जिलाध्यक्ष उत्तम सिन्हा और निर्भय कोवाची ने नामांकन दाखिल किया। जिला के सभी सातों ब्लॉकों के नवनिर्वाचित अध्यक्षों द्वारा मतदान किया गया। मतगणना कार्य गणना प्रभारी की देखरेख में हुआ, जिसमें निर्भय कोवाची बहुमत से विजयी होकर नए जिला अध्यक्ष चुने गए।

पूर्व अध्यक्ष उत्तम सिन्हा ने परिणाम स्वीकार करते हुए संगठन की एकता बनाए रखने, शिक्षकों के अधिकारों एवं समस्याओं के समाधान के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर सातों विकासखंडों के ब्लॉक अध्यक्ष एवं अन्य उपस्थित रहे।

## प्रोफेसर ने भ्रमण के दौरान, फसल प्रबंधन और रोगों की दी जानकार



**कांकेर।** कृषि कॉलेज के विद्यार्थियों ने रवे कार्यक्रम के अंतर्गत अध्ययन ग्राम का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान प्राध्यापकों ने विद्यार्थियों को फसल रोग पहचान, फील्ड मैनेजमेंट तथा कृषक समस्याओं के समाधान के बारे में मार्गदर्शन दिया।

प्राध्यापक डॉ. पीयूषकांत नेताम के निर्देशन में विद्यार्थियों को बैंगन शूट एवं फल बोरर की पहचान के लक्षणों की जानकारी दी गई। बताया कि इस कीट के प्रकोप से बैंगन की कोमल टहनियाँ एवं फल अंदर से खोखले हो जाते हैं, जिससे उत्पादन पर गहरा असर पड़ता है। विद्यार्थियों ने किसानों के बीच बैक्टीरियल विल्ट रोग की पहचान के लिए उज टेस्ट का प्रदर्शन किया। यह एक सरल व त्वरित जांच विधि है, जिसमें संदिग्ध पौधे की कटाई कर उसे साफ पानी में डाला जाता है। यदि कटे हुए हिस्से से दूधिया धारा या धागेनुमा तरल पदार्थ (बैक्टीरियल स्राव) निकलता है तो यह बैक्टीरियल संक्रमण की पुष्टि करता है। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने किसानों की विभिन्न फसल संबंधित समस्याओं का समाधान भी किया तथा रोग प्रबंधन के उपाय बताकर उन्हें जागरूक किया।

**बैंक के अधिकारियों ने किया कार्यक्रम**

# पेंशनरों को लोन, बीमा और सायबर पर दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर






टेट बैंक शाखा कांकेर की तरफ से पेंशनरों के लिए गुजराती भवन कार्यक्रम आयोजित किया गया। बैंक के अधिकारियों ने पेन्शन लोन,बीमा, साइवर से हो रहीं घटनाओं एवं जीवन प्रमाण पत्र के संबंध में जानकारी दिया। स्टेट बैंक आफ इंडिया छत्तीसगढ़ के रीजनल मैनेजर और पेंशनन सेल के प्रभारी ने पेंशनरों को पेंशन लोन, बीमा, सायबर से हो रहीं घटनाओं एवं जीवन प्रमाण पत्र के संबंध में विस्तृत जानकारी दिया। सायबर सेल से आए अधिकारियों ने सायबर की घटनाओं से बचने के उपाय के संबंध में जानकारी देते हुआ कहा कि हमें कोई बिना जानकारी के कोई एप डाउनलोड नहीं करना चाहिए और न हीं ओटीपी और एकाउंट की जानकारी किसी अपरिचित को देना चाहिए। हम लालच एवं डर के कारण ढगी का शिकार होते हैं। एसबीआई शाखा कांकेर की ओर से 80 वर्ष से अधिक की उम्र के पेंशनरों को साल एवं श्रीफल देकर गौतमराम गजवल्ला, भावदास महंत, सतीशचंद्र झा, नाविक, रमेशचन्द्र जैन, शिवाना का सम्मान किया गया। पेंशनर समाज के सचिव शिवसिंह भदौरिया ने सभी पेंशनरों से अपील करते हुए कहा कि सभी पेंशनर केवायसी प्रतिवर्ष कराते रहें, जिससे अस्सी वर्ष से अधिक आयु के पेंशनरो को 20 प्रतिशत अधिक पेंशन वृद्धि का लाभ समय पर मिल सके और टीडीएस की कटौती से बच सके। इस अवसर पर बसंत गुप्ता, किशोर सिंह ठाकुर, पीताम्बर सिंह पारकर, सुरेन्द्र ठाकुर, रामशरण जैन, राधिका प्रसाद सुरोजिया, हेमन्त टांकसाले, राजन शैण्डे, दीपक झा, आईएल वर्मा, हेमन्त साहू,केपी जैन, शिवचरण यादव, लछन्तिन यादव सुदर्शन राव एवं अन्य पेंशनर उपस्थित रहे ।

## सानवी ने विज्ञान संगोष्ठी में प्रथम स्थान पाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा



शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दंतेवाड़ा में आज जोन स्तरीय राष्ट्रीय विज्ञान संगोष्ठी प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तार्किक सोच एवं विश्लेषणात्मक कौशल को बढ़ावा देना था। इस प्रतियोगिता में दक्षिण बस्तर संभाग के तीन जिलों दंतेवाड़ा, बीजापुर एवं सुकमा से कुल 9 प्रतिभागियों ने भाग लिया। हर जिले से 3-3 छात्र जिला स्तरीय चयन के उपरांत इसमें सम्मिलित हुए। प्रतियोगिता में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, सेजेस पावारास, सुकमा की छात्रा जी. सानवी राव ने प्रथम स्थान प्राप्त कर सुकमा जिले का गौरव बढ़ाया। उनकी प्रस्तुति ने न केवल निर्णायक मंडल का ध्यान खींचा, बल्कि उनके विषय की गहराई और वैज्ञानिक दृष्टिकोण की भी सराहना की गई। जी. आर मंडावी, जिला शिक्षा अधिकारी सुकमा तथा उमाशंकर तिवारी, डीएमसी समग्र शिक्षा, सुकमा ने सानवी को इस उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, मंगलवार, 14 अक्टूबर 2025



06 सीईओ ने प्राचार्यों की बैठक में 10वीं-12वीं ...





06 मर्रामपानी में दशहरा तेल हल्दी सेवा पांडुम ...






## खबर संक्षेप

### मरीजों की हुई जाँच किया गया इलाज



**कांकेर।** राष्ट्रीय फ्लोरोसिस रोकथाम में नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत एवं रजत जयंती महोत्सव के अवसर पर गहरीनबांधा में आयोजित शिविर में 127 ग्रामीणों की जांच कर उपचार किया गया, जिसमें 14 दंत फ्लोरोसिस एवं 1 संभावित स्केलेटल फ्लोरोसिस के मरीज पाए गए।शिविर में 65 लोगों की रक्तचाप एवं मधुमेह की भी जांच करते हुए निःशुल्क दवाईयां दी गई। सीएमएचओ डॉ. आरसी ठाकुर के निर्देशानुसार ग्राम जिला स्तरीय टीम द्वारा सर्वे कर मरीजों से फ्लोरोसिस संबंधी जानकारी दी और असहाय 3 वृद्धजनों को वॉकिंग स्टिक दिया गया। शिविर में मेडिकल कॉलेज के चिकित्सक, फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. नितिन वाल्मिकी, जिला सलाहकार डॉ. विनोद वैद्य, विकासखंड स्तरीय टीम एवं वाटर एड इंडिया की टीम उपस्थित रही।

### फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** दुर्गुकोंदल थानांतर्गत एनहुर निवासी 20 वर्षीय संगीता नरेटी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। एनहुर निवासी 32 वर्षीय महेंद्र कुमार नरेटी ने पुलिस को बताया कि मृतिका ने 12 अक्टूबर को सुबह 4 से 6 बजें के बीच फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

विकास : विधायक विक्रम उसेंडी के प्रयास से हुआ संभव, मिली प्रशासकीय स्वीकृति

# कोटरी नदी पर प्रस्तावित बेचाघाट पुल की प्रकिया में आई तेजी, निर्माण शीघ्र शुरू होने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कोटरी नदी पर बनने वाले बेचाघाट पुल की माँग लंबे समय से थी और कांग्रेस के कार्यकाल में जिस योजना से

- कांग्रेस के कार्यकाल में नक्सली एवं उनके सर्मथकों ने नहीं बनने दिया था पुल
- कांग्रेस सरकार 33 माह तक चुप्पी साधे रही, पुल बनाने कांग्रेस नेताओं ने की थी पहल

स्वीकृत हुआ था, अब वह योजना ही बंद हो गई। कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में नक्सली एवं उनके सर्मथकों के चलते ने दो साल में पुल नहीं बनवा पाई। योजना बंद हो जाने के चलते नए सिरे से विधायक विक्रम उसेंडी ने किया प्रयास किया और उसकी स्वीकृति मिल गई। विधायक की मानें तो पुल बनाने का कार्य जल्द शुरू किया जाएगा।

जानकारी के अनुसार बेचाघाट पुल को बनाने के लिए 04 जनवरी 2022 को सीजीआरआईडीसीएल योजना के तहत कार्य आदेश जारी किया गया था। वर्षा ऋतु के सहित 16 माह में यानी 3 जुलाई 2023 तक पुल बन जाना था। इस पुल के बनने से सीधा नारायणपुर के अबूझमाड़ जाने का मार्ग खुल जाता। नक्सलियों ने इस पुल बनने का विरोध किया और नारायणपुर से अंजान कई



ग्रामीणों को लाकर अनिश्चितकालीन धरना पर बैठा दिया गया था। इस धरने का सर्मथन देने के लिए दुर्गूकोंदल विकासखंड के पंचायत प्रतिनिधि भी पहुँचे थे। यह आंदोलन लगातार लगभग डेढ़ साल तक चला।

विभाग ने ठेकेदार के द्वारा कार्य प्रारंभ नहीं करने पर 31 दिसंबर 2022 को अनुबंध समाप्त कर दिया था। ठेकेदार ने सुरक्षा उपलब्ध करवाने की प्रत्याशा पर काम शुरू करने का विभाग को आवेदन दिया, इस पर लोक निर्माण विभाग सेतु मंडल रायपुर ने 3 अक्टूबर 2023 को ठेका को पुर्नजीवित किया, परंतु लगातार नक्सल गतिविधियों एवं ग्रामीणों के धरना प्रदर्शन के कारण कार्य प्रारंभ नहीं किया जा सका। विभाग ने 33 माह की लंबी अवधि से कार्य अप्रारंभ रहने के चलते 3 सितंबर 2024 को अनुबंध समाप्त कर दिया गया।

### राष्ट्रीय राजमार्ग 130 डी से जुड़ेगा

बेचाघाट पुल राज्य राजमार्ग 26 का भाग और नारायणपुर जिले से महाराष्ट्र को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग 130 डी से मात्र 60 किमी. दूरी पर है। बेचाघाट पुल बन जाने से माड़ में आना जाना सुगम हो जाएगा। इस पुल की माँग लगभग 20 साल से की जा रही है और कई बार स्वीकृत होने के बाद नक्सलियों के कारण आज तक पुल नहीं बन पाया। 31 मार्च तक नक्सलियों को खत्म करने का ऐलान करने वाली भाजपा सरकार इस पुल को भी जल्द प्राथमिकता से बनवाकर रहेगी, ऐसा उनके मंसूबों और बातचीत से लग रहा है।

### सैकड़ों गाँव के लोगों को मिलेगा लाभ

जानकारी के अनुसर बेचाघाट पुल बन जाने के बाद कांकेर जिले के 14 गांव छोटेबेठिया, मरबेड़ा, सितरम, आकमेटा, हनुमान नगर, धरमपुर, घोरंगा, सिरपुर, रेंगावाही, भुरके, करेकटा, आलदंड, कंदाड़ी, कुरूसनार के अलावा नारायणपुर जिले के कम से कम 20 गांव के लोगों को लाभ मिलेगा। इन गांवों में जो आज तक विकास नहीं पहुँचा है, वहाँ तक विकास पहुँचना तय है।

### विधायक विक्रम ने की पहल



नक्सल उन्मूलन एवं माड़ क्षेत्र के विकास के लिए उक्त पुल के निर्माण की अत्यंत आवश्यकता को समझते हुए सरकार बदलते ही भाजपा सरकार के आते ही विधायक विक्रम उसेंडी सक्रिय हो गए और इस पुल के निर्माण को लेकर लगातार मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री से संवाद किया। 12 मार्व 2025 को सीजीआरआईडीसीएल योजना के बंद होने से इस योजना से पुल बानना संभव नहीं था। विधायक विक्रम उसेंडी ने हरिभूमि से बात करते हुए बताया कि दो दिन पहले वित्त मंत्री का फोन आया था कि बेचाघाट पुल के लिए वित्तीय स्वीकृति दे दिया गया है यानी वित्त विभाग ने सेतु विभाग के बजट से राशि की स्वीकृति किया है। यह निर्णय अबूझमाड़ और कोयलीबेड़ा विकासखंड के ग्रामीणों के विकास के लिए अहम कड़ी साबित होगा।

# नवाडबरी के दो परिवार ईसाई धर्म से मूलधर्म में लौटे, छायी अपार खुशी



हरिभूमिन्यूज ▶▶| सरोना

विकासखंड नरहरपुर के ग्राम नावडबरी में रविवार को सामाजिक एवं धार्मिक आयोजन हुआ, जिसमें ग्राम के दो परिवार मनबहाल वट्टी पिता देशीराम वट्टी और खोर बहरिन मटियारा पति सूरज मटियारा दोनो परिवार ने सर्व समाज की उपस्थिति में शीतला मंदिर परिसर में ईसाई धर्म को छोड़कर अपने मूल धर्म में पुनः प्रवेश किया और शीतला माता की पूजा अर्चना किया।

ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में यह दोनों परिवार ईसाई धर्म से जुड़ गए थे, जिन्होंने अब अपनी इच्छा और आस्था के साथ पुनः अपने पूर्वजों के धर्म को अपनाने का निर्णय लिया। पूरे विधि-विधान, वैदिक मंत्रोच्चारण और पूजा-अर्चना के साथ घर वापसी संस्कार सम्पन्न कराया गया। शीतला मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी थी। सामाजिक एकता और धार्मिक उत्साह का वातावरण देखते ही बन रहा था। वैदिक पुरोहितों द्वारा शुद्धिकरण व पुनः दीक्षा विधि सम्पन्न कराया गया। सभी समाजों के लोगों ने इस अवसर पर ▶▶| शेष पेज 02 पर

### सामाजिक जनों की उपस्थिति से बढ़ा आयोजन का महत्व

आयोजित कार्यक्रम में ग्राम के पूर्व सरपंच मायाराम मंडावी, ग्राम पटेल खेदूराम सुरोजिया, कुमार नेताम, अनुक नेताम, चैनसिंग मांडावी, गम्मूराम साहू, भारत विश्वकर्मा सहित समस्त ग्रामीण शामिल हुए। ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि यह कदम समाज में धार्मिक जागरूकता और सामाजिक एकता को सुदृढ़ करेगा। ग्रामीणों ने दोनों परिवारों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पहल गांव के अन्य लोगों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी।

### ग्राम युवक समिति की रही महत्वपूर्ण भूमिका

ग्राम युवक समिति नावडबरी के अध्यक्ष नोमेश कुमार सुरोजिया ने बताया कि ग्राम युवक समिति लगातार लोगों को समझाईश दे रही है और वर्तमान में बन रही परस्थितियों की जानकारी दिया जा रहा है और उसी का परिणाम रहा कि दोनो परिवार अपने मूल धर्म में वापिस आ गए। ग्राम समिति के अध्यक्ष ने कहा कि यह केवल दो परिवारों की घर वापसी नहीं है, बल्कि यह पूरे समाज के लिए एक संदेश है कि अपनी परंपरा, संस्कृति और धर्म से जुड़े रहना गर्व की बात है। उन्होंने बताया कि समाज में एकजुटता बनाए रखने और अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़े रहने का यह एक सकारात्मक कदम है। युवक समिति ने इस आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई, जिसमें मंदिर परिसर की सफाई, पूजा की तैयारी और समाज के लोगों को आमंत्रित करने का कार्य शामिल था।




## खबर संक्षेप

### गौसेवा आयोग के ब्लाक अध्यक्ष बने बैरागी

किरंदुल। छत्तीसगढ़ शासन के पशुधन विकास विभाग द्वारा छग गौसेवा आयोग अधिनियम 2005 यथा संशोधित के नियम 16-क के प्रावधानानुसार जिला स्तरीय एवं विकासखंड स्तरीय समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों की नियुक्ति की गई है। विकासखंड कुआकोंडा के लिए किरंदुल के प्रसिद्ध समाजसेवी एवं पत्रकार रामकृष्ण बैरागी को अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है। नकुलनार के अनिकेत चौहान, पवन सिंह राठौर, विश्वजीत सिंह राठौर को सदस्य नियुक्त किया गया है।



### शताब्दी वर्ष पर संघ ने किया पथ संचलन



किरंदुल। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में रविवार को नगर में देशभक्ति से ओतप्रोत भव्य पथ संचलन संपन्न हुआ। अपराह्न 3 बजे बंगाली कैंप दुर्गा मंडप प्रांगण में सैकड़ों गणवेशधारी स्वयंसेवक एकत्र हुए, जहां शंखनाद और संघ प्रार्थना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इसके बाद स्वयंसेवकों ने संगठित पंक्तियों में कदमताल करते हुए नगर के बंगाली कैंप गजराज कैंप मल्लप्पा कैंप मुख्य बाजार व एनएमडीसी क्षेत्र के विभिन्न मार्गों पर पथ संचलन निकाला। संचलन के दौरान स्वयंसेवकों की अनुशासित चाल, बैंड की स्वर लहरियां और भारत माता की जयघोष से पूरा नगर गूंज उठा।इस दौरान स्थानीय महिलाओं ने पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया और देशभक्ति गीतों से माहौल को और उत्साहपूर्ण बनाया। पथ संचलन का समापन राघव मंदिर परिसर में हुआ । जहां उपस्थित स्वयंसेवकों और अतिथियों ने संगठन के शताब्दी वर्ष पर गर्व व्यक्त करते हुए राष्ट्रभावना को सर्वोपरि रखने का संकल्प लिया। समापन अवसर पर मुख्य वक्ता विभाग कार्यवाह दक्षिण बस्तर महेंद्र नायक ने कहा कि संघ पिछले 100 वर्षों से राष्ट्र सेवा, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक जागरण के कार्यों में सतत सक्रिय है। कार्यक्रम में स्वयं सेवकों के साथ-साथ मातृशक्ति व नगर के अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### रेत खदानों का आबंटन अब ई-नीलामी प्रणाली से होगा

दंतेवाड़ा। राज्य शासन के भू-विज्ञान एवं खनिज विभाग द्वारा प्रदेश में गौण खनिज साधारण रेत खदानों का आबंटन अब ई-नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा। इसके लिए एमएसटीसी (एमएसटीसी) पोर्टल का उपयोग किया जाएगा, जिससे पूरी प्रक्रिया पारदर्शी, प्रतिस्पर्धी और तकनीकी रूप से सशक्त बनेगी।

### व्यवसायी नवजीत हलधर को दी गई श्रद्धांजलि

जगदलपुर। अंजू सिलाई सेंटर में व्यवसायी नवजीत हलधर के आकस्मिक निधन पर शोक सभा में श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर संस्था की संचालिका अंजू रॉय, भानुचंद्र दास, षष्ठी सरकार, एस एन राय, किशोर सरकार, सुजीत सरकार, तुलसी सरकार, काजल साव, हेमा, गीता, अनीता श्रीवास्तव, मीना साहू, अमित श्रीवास्तव, कृष्णानंद झा, पीलू बघेल, दीपक, राहुल पाठक दिगेश्वरी, सुनीता मौजूद रहे।



### प्रदूषण जांच केंद्र खोलने नहीं मिला आवेदन

दंतेवाड़ा। जिला परिवहन अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार केन्द्रीय मोटर यान नियम 1989 के तहत राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ मोटरयान प्रदूषण जांच केन्द्र योजना 2001 लागू की गई है। इसी क्रम में जिला परिवहन अधिकारी द्वारा पूर्व में डीजल एवं पेट्रोल से संचालित वाहनों के प्रदूषण जांच हेतु नवीन प्रदूषण जांच केंद्र खोलने के संबंध में प्रेस विज्ञप्ति जारी की गई थी।

# बस्तर ओलंपिक का पोस्टर और रंगोली से हो रहा प्रचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

जिले में खेल और जनभागीदारी का सबसे बड़ा पर्व बस्तर ओलंपिक पूरे जोश और उमंग के साथ शुरू हो चुका है। विकासखंड दरभा में भी ग्राम पंचायतों, विद्यालयों और खेल मैदानों में खिलाड़ियों का पंजीयन कार्य जोर-शोर से जारी है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी वीरेंद्र बहादुर सिंह के निर्देशन में पंचायत स्तर पर खेल समितियां सक्रिय हैं। ये समितियां घर-घर जाकर युवाओं, छात्र-छात्राओं और खेल प्रेमियों को इस अभियान से जोड़ रही हैं। विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में खेल जागरूकता, पोस्टर निर्माण और रंगोली प्रतियोगिताएँ भी प्रारंभ हो चुकी हैं।



### हर घर से एक खिलाड़ी निकले कलेक्टर

कलेक्टर हरिस एस ने कहा कि बस्तर ओलंपिक केवल खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि एक सामाजिक अभियान है। इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ना, अनुशासन और टीम भावना विकसित करना तथा हर गांव से एक खिलाड़ी तैयार करना है।

# स्काउट गाइड लीडर का प्रशिक्षण ले रहे 34 मास्टर

लोहंडीगुड़ा। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लोहड़ीगुडा में 11 से 17 अक्टूबर तक एडवांस स्काउट मास्टर, रोवर लीडर ,गाइड कैप्टन और रेंजर लीडर का प्रशिक्षण आयोजित है। इस एडवांस स्काउट मास्टर एव गाइड कैप्टन रोवर लीडर रेंजर लीडर प्रशिक्षण में सरगुजा जिला से-1 बीजापुर जिला से 3 सुकमा जिला से 5 कांकेर जिला से 1 नारायणपुर जिला से 3 कोंडागांव जिला से 5 बस्तर जिला से 34 शिक्षक शिक्षिकाएं प्रशिक्षण ले रही हैं। इस प्रशिक्षण शिविर में प्रदीप कुमार सेन शिविर संचालक रोवर विभाग कांकेर, विवेकानंद दास शिविर संचालक स्काउट विभाग महासमुंद, दंतेश्वरी तिवारी शिविर संचालक गाइड विभाग कांकेर, जलवती साहू शिविर संचालक रेंजर विभाग बेमेतरा, सुना गंगा राजू सहायक शिविर संचालक रोवर विभाग दंतेवाड़ा, जयप्रकाश पाठक सहायक शिविर संचालक स्काउट विभाग जगदलपुर, दशरू राम, ओम प्रकाश सेन स्काउट विभाग कांकेर, कंचन विश्वकर्मा सहायक शिविर संचालक गाइड विभाग जगदलपुर, रंजीता कोराम सहायक शिविर संचालक रेंजर विभाग कांकेर, ममता ताराम सहायक शिविर संचालक रेंजर विभाग कांकेर, गायत्री पटेल, सहायक शिविर संचालक गाइड विभाग दंतेवाड़ा प्रशिक्षण दे रहे है।



## बस्तर धाकड़ क्षत्रिय राजपूत समाज का हुआ दशहरा मिलन

# रियासत काल से बस्तर की समस्त परंपराओं में धाकड़ समाज की महत्वपूर्ण भागीदारी : जयदेव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर धाकड़ क्षत्रीय राजपूत समाज का दशहरा मिलन कार्यक्रम महारानी वार्ड के समाज भवन में किया गया। मुख्य अतिथि सुकमा जमींदार परिवार के व बस्तर धाकड़ क्षत्रीय राजपूत समाज के संरक्षक कुमार जयदेव मौजूद रहे। सभी 7 जिलों से समाज के लोग सम्मलित हुए।

इस दौरान मुख्य अतिथि ने कहा कि बस्तर के सबसे पुराने समाजों में

- समाज की तीन छात्राओं को खेल में गोल्ड मेडल पाने पर हुआ सम्मान

एक बस्तर धाकड़ क्षत्रीय राजपूत समाज है। रियासत काल से बस्तर की समस्त परंपराओं में उनकी महत्वपूर्ण भागीदारी रही है। परंतु पिछले कुछ वर्षों से समाज में बिखराव की स्थिति बनी रही, जिसे समाज गठन के पश्चात एक सूत्र में पिरोने का काम किया गया। आज इतनी बड़ी संख्या में समाज के लोगों की उपस्थिति यह दर्शाती है कि समाज अब मजबूत और संगठित हो चुका है। समाज के बच्चे अब शिक्षा, खेल सहित अन्य विधाओं में नाम रोशन कर रहे हैं। दंतेवाड़ा जिले की तीन छात्राओं ने गोल्ड मेडल जीत कर साबित कर दिया है कि समाज के होनहार किसी से कम नहीं। इन छात्राओं को मोमेंटो देकर सम्मान किया गया। समाज के द्वारा संरक्षक कुमार जयदेव को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस दौरान दंतेवाड़ा, सुकमा, नारायणपुर, कोंडागांव, बीजापुर, बस्तर, लोहंडीगुड़ा, दरभा, तोकापाल से बड़ी संख्या में समाज की मातृशक्तियां,पुरुष कर्मकतार्ओं, युवक-युवतियां, बच्चे और वृद्धजन सम्मलित हुए। संचालन विक्रम सिंह ठाकुर ने किया। दशहरा पर्व के दौरान गैरमौजूदगी के संबंध में कुमार जयदेव से पत्रकारों ने जब सवाल किया तो उन्होंने कहा कि जब कमलचंद भंजदेव छोटे थे तब उनको आगे लाने और माता दंतेश्वरी देवी की पूजा अर्चना मे उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए मैं सदैव उनके साथ रहा। अब वे बड़े हो गए हैं उनकी महत्वाकांक्षा बदल चुकी है अब वे राजा होने का दावा कर रथ पर चढ़ना चाहते है इस पर कुमार जयदेव ने स्पष्ट कहा अब प्रजातंत्र है, राजतंत्र नहीं है। हम शासन प्रशासन और संविधान को मानने वाले है। इसी कारण इस वर्ष पूरे दशहरा पर्व में नदारद रहा। परंतु विदाई के दिन माता की डोली विदाई पर पूजा अर्चना की और ससम्मान विदाई मे शामिल रहा। कार्यक्रम के उपरांत सामूहिक भोज हुआ।



### समाज की एकता सर्वोपरि

समाज के संभागीय अध्यक्ष योगेश्वर ठाकुर ने बताया दशहरा मिलन कार्यक्रम धूमधाम के साथ किया गया। इसके पीछे उद्देश्य यह था कि समाज के सभी लोगो को समाज की एकजुटता और मजबूती के लिए कार्य करना है।

कार्यक्रम का संपूर्ण मार्गदर्शन कुमार जयदेव के निर्देश पर किया गया। उन्होंने कहा कार्यक्रम को बेहतर और सफलता पूर्व संपन्न करने में कुमार जयदेव का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस दौरान जगत सिंह, ठाकुर सिकन्दर सिंह, मुरली सिंह, रणधीर सिंह . केदार सिंह, हितेन्द्र सिंह, कृष्णा परमार, दैवेन्द्र राठौर, एमडी राठौर,त्रीनाथ सिंह, मंजु सिंह, अरुणा चौहान, गीता ठाकुर,हेमलता ठाकुर, सावत्री परमार.भारती ठाकुर, देवीकारानी ठाकुर,दुलार सिह, रामसिंह ठाकुर, नरेन्द्र ठाकुर, मोहन सिंह, लक्ष्मण सिंह,बलबीर सिंह, शंकर सिंह समेत बड़ी संख्या में समाज के लोग सम्मलित थे।

# उपाध्यक्ष अरविन्द ने किया बचेली के स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा/बचेली

जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं शिक्षा विभाग के सभापति अरविन्द कुंजाम ने आज बचेली क्षेत्र के विभिन्न शासकीय विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने पीएम श्री प्राथमिक शाला, सरस्वती स्कूल बचेली, प्राथमिक शाला डीएनके-1 बचेली, आदर्श माध्यमिक शाला बचेली, कन्या माध्यमिक शाला बचेली तथा कन्या हायर सेकेंडरी

- शिक्षकों की जवाबदेही और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर दिया जोर

स्कूल बचेली का भ्रमण कर शिक्षण व्यवस्था, विद्यार्थियों की उपस्थिति और विद्यालयीन गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा किया। पीएम श्री स्कूल बचेली में लंबे समय से अनुपस्थित शिक्षक पर कड़ी नाराज़गी जताई और जिला शिक्षा अधिकारी को तत्काल प्रभाव से अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की जिम्मेदारी विद्यार्थियों को सीखाने की प्रक्रिया से जुड़ी है और अनुपस्थित रहना शिक्षा व्यवस्था के प्रति गंभीर लापरवाही दर्शाता है। हाई स्कूल बचेली का भी निरीक्षण किया, जहा विद्यालय वर्तमान में दो पाली में संचालित हो रहा है। कुंजाम ने विद्यालय परिसर में चल रहे नए भवन निर्माण कार्य की धीमी गति पर असंतोष व्यक्त करते हुए इसे शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षण वातावरण और आवश्यक कक्षाओं की सुविधा समय पर मिल सके।

उन्होंने निरीक्षण के दौरान यह भी पाया कि जिन विद्यालय में कुछ विषयों के शिक्षकों की कमी है। इस पर उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को शीघ्र शिक्षक पदस्थापना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जहां शिक्षक रिक्त हैं, वहां प्राथमिकता से योग्य शिक्षकों की नियुक्ति की जाए, ताकि विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित न हो। इसके साथ ही उन्होंने विद्यालयों में पेयजल, शौचालय, साफ-सफाई, पुस्तकालय और स्मार्ट क्लास की व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की। उन्होंने शिक्षा विभाग को निर्देशित किया कि सभी विद्यालयों में बुनियादी सुविधाएं मानक के अनुरूप और क्रियाशील स्थिति में रहें।



उपाध्यक्ष ने कहा कि शिक्षा बच्चों के भविष्य की नींव है और प्रत्येक विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, शिक्षक उपस्थिति और विद्यार्थी अनुशासन सुनिश्चित करना सभी का दायित्व है। उन्होंने शिक्षकों से नियमित रूप से विद्यालय में उपस्थित रहकर विद्यार्थियों को प्रेरणादायी वातावरण प्रदान करने का आह्वान किया।

# चीफ जस्टिस पर हमले की निंदा व विरोध में निकाली बाइक रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

लालबाग मैदान में बाबा भीम राव अंबेडकर प्रतिमा के समीप अनुसूचित जाति, जनजाति, ओबीसी, अल्पसंख्यक समाज के पदाधिकारी एवं महिलाएं सहित कांग्रेस के पदाधिकारियों ने मुख्य न्यायाधीश सर्वोच्च न्यायालय पर शर्मसार घटना कर गलत टिप्पणी करने वाले अधिवक्ता पर

- कलेक्टोरेट में ज्ञापन देकर कड़ी कार्यवाही की मांग की गई

कार्यवाही पर विचार किया । तीन सूत्रीय मांग को लेकर नगर भ्रमण कर बाईक रैली के साथ कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

संभागीय अध्यक्ष दिनेश यदु ने कहा अगर मुख्य न्यायाधीश सुरक्षित नहीं तो हमारे बस्तर में समाज के लोगों को पैरों तले कुचल देंगे । ऐसे विचार रखने वाले को जेल भेजकर फांसी कि सजा देना चाहिए । जिलाध्यक्ष विक्रम लहरे ने कहा दलित समुदाय के लोगों के साथ होने का दावा तो भाजपा करती है मगर दबाने का प्रयास किया जा रहा है। सर्व आदिवासी समाज जिलाध्यक्ष गंगा राम नाग ने कहा कि भारत संविधान हमे समानता देता है और हम सभी का रक्षा कवच है। उसका फैसला लेने के लिए न्यायाधीश को हम भगवान कि तरह मानते है । घटना निंदनीय है जिसका हम विरोध करते है। महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष लता निषाद ने कहा न्यायाधीश पर हमला होना लगता है भारत का संविधान भी सुरक्षित नहीं है। परिसंघ जिलाध्यक्ष सतीश वानखडे ने कड़ी निंदा की।





### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में गेंदलाल सोनी, सुरेश कुमार सोनी, दुष्यंत सुनानी, शामिल बघेल, रघुवंश यादव, तुलसी राम ठाकुर, परवेश यादव, मोहसिन खान,लैखन बघेल, प्रदीप भारती, लक्ष्मण सेठिया, राम प्रसाद, लक्ष्मीनारायण, एस नीला , साइमा अशरफ, ज्योति राव, हरीश साहू, अमित भारद्वाज,राम बौद्ध, गुड्डू बघेल मौजूद रहे।

# सानवी ने विज्ञान संगोष्ठी में प्रथम स्थान पाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दंतेवाड़ा में आज जोन स्तरीय राष्ट्रीय विज्ञान संगोष्ठी प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तार्किक सोच एवं विश्लेषणात्मक कौशल को बढ़ावा देना था।

इस प्रतियोगिता में दक्षिण बस्तर संभाग के तीन जिलों दंतेवाड़ा, बीजापुर एवं सुकमा से कुल 9 प्रतिभागियों ने भाग लिया। हर जिले से 3-3 छात्र जिला स्तरीय चयन के उपरांत इसमें सम्मिलित हुए। प्रतियोगिता में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, सेजेस पावारास, सुकमा की छात्रा जी. सानवी राव ने प्रथम स्थान प्राप्त कर सुकमा जिले का गौरव बढ़ाया। उनकी प्रस्तुति ने न केवल निर्णायक मंडल का ध्यान खींचा, बल्कि उनके विषय की गहराई और वैज्ञानिक दृष्टिकोण की भी सराहना की गई। जी. आर मंडावी, जिला शिक्षा अधिकारी सुकमा तथा उमाशंकर तिवारी, डीएमसी समग्र शिक्षा, सुकमा ने सानवी को इस उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



### बालिका दिवस पर किया गया जागरूक



गीदम। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं के अधिकारों और सशक्तिकरण के प्रति समुदाय में जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम के दौरान डॉ. हितेश ठाकुर और डॉ. योगेश देवांगन ने अपने संबोधन में कहा कि बालिकाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा के क्षेत्र में समान अवसर प्रदान करना समाज के हर वर्ग का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि बालिकाओं की शिक्षा और स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है, ताकि वे समाज में अपनी भूमिका प्रभावी ढंग से निभा सकें। कार्यक्रम में स्वास्थ्य कर्मियों ने बालिकाओं को उनके अधिकारों और स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं। इस दौरान बालिकाओं के स्वास्थ्य और पोषण से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी स्वास्थ्य कर्मियों ने अपने विचार साझा करते हुए बालिकाओं के सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयास करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर डॉ. हितेश ठाकुर और डॉ. योगेश देवांगन के साथ-साथ स्वास्थ्य केंद्र के सभी अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बाल नृत्य कला में श्रेष्ठ स्टाइल के लिए कृतिका पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल

लौहनगरी किरंदुल शहर की 5 साल की आर.कृतिका राव पिता आर मनमध राव ने गुरू नेपाल मलिक के मार्गदर्शन में मैनर श्रेणी में सोलो प्रदर्शन दिया। जिसमे आर.कृतिका ने सभी प्रतिभागियों को पीछे छोड़ कर प्रथम स्थान प्राप्त किया और साथ ही उसके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये बाल नृत्य कला श्रेष्ठ टाईटल से सम्मानित किया गया।

ऑल इंडिया डांसर्स एसोसिएशन नित्याथी कलाक्षेत्रम और नवीन संगीत कॉलेज के सहयोग से नृत्य, संगीत और वाद्ययंत्र की अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता और नटवर गोपीकृष्ण राष्ट्रीय पुरस्कार जो रायपुर के रंग मंदिर में 2 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक चलने वाले इस प्रतियोगिता में किरंदुल शहर की कृतिका ने 10 अक्टूबर को मैनर श्रेणी में सोलो प्रदर्शन दिया। जिसमे आर.कृतिका ने सभी प्रतिभागियो को पीछे छोड़ कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। और साथ ही आर कृतिका को उसके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये बाल नृत्य कला श्रेष्ठ टाईटल से सम्मानित भी किया गया ये वही बच्ची है जिसने 2 महीने पहले झूम तराना महोत्सव मे पहला स्थान हासिल कर दंतेवाड़ा जिले का नाम रोशन किया था।



# प्रकृति और संस्कृति एक-दूसरे के पूरक : सीसीएफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

लोकगीत केवल सुरों का संगम नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, हमारी मिट्टी, और हमारी स्मृतियों का जीवंत दस्तावेज हैं। इन गीतों में जंगल की सरसराहट, नदी की ध्वनि, पक्षियों का गीत और मानव का हृदय सब एक ही धारा में प्रवाहित होते हैं।

इसका उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि यह स्मरण कराना है कि प्रकृति और संस्कृति एक-दूसरे की पूरक हैं, जहां संस्कृति लुप्त होती है, वहां प्रकृति भी मौन हो जाती है। वन्यजीव संरक्षण और पर्यावरण जागरूकता तभी संभव है जब हम अपनी जड़ों को पहचानें और लोकगीत हमें उसी मूल से जोड़ते हैं। ये गीत पीढ़ियों से हमें बताते आए हैं कि जल, जंगल और जमीन केवल संसाधन नहीं, बल्कि जीवन के आधार हैं। उक्त बातें कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान तीरथगढ़ में आयोजित वन्यजीव सप्ताह के समापन समारोह के मुख्य अतिथि मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) स्टायलो मंडावी ने कही। समारोह में कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक नवीन कुमार, एसडीओ कमल तिवारी सहित रेंजर, वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, स्थानीय ग्रामवासी, विद्यार्थी एवं कलाकार शामिल रहे।




### लोकगीत व रंगोली प्रतियोगिता

सप्ताह का समापन समारोह में लोकगीत प्रतियोगिता एवं रंगोली प्रतियोगिता के साथ हुआ। लोकगीत प्रतियोगिता में कलाकारों ने जल, जंगल, जीवन और प्रकृति पर आधारित लोकधुनों से वातावरण को मंत्रमुग्ध कर दिया, वहीं रंगोली प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपने रंगों से संस्कृति और प्रकृति का सुंदर संगम प्रस्तुत किया। रंगोली में ओजस्वी देवांगन प्रथम स्थान, तनु सेठिया द्वितीय स्थान, रघुनाथ बघेल तृतीय स्थान, लोक गीत में सोमारी नाग एवं साथी किचकरास प्रथम स्थान, बदई बघेल एवं साथी द्वितीय स्थान, सोमा बाघेल तृतीय स्थान रहे। तीरथगढ़ स्कूल के पांच बच्चों ने लोक गीत प्रतियोगिता में अपनी प्रस्तुतियां दीं।

### सत्य सांई सेवा समिति ने किया 1150 पौधों का रोपण

जगदलपुर। श्री सत्य सांई सेवा समिति द्वारा स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मीडियम शासकीय आदर्श महाविद्यालय धरमपुरा में पौधरोपण हुआ। इसमें 110 फलदार एवं छायादार पौधे लगाए गए जिसके अंतर्गत आम, जामुन, कटहल, सीताफल, बेल, आंवला, अमरूद काजू, शीशम, अर्जुन सिंदरी, गुलमोहर के पौधे लगाए गए। यह कार्यक्रम प्रतिवर्ष के भांति हरेली अमावस्या से लेकर स्वच्छता से दिव्यता कार्यक्रम के तहत 2 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक जिले के विभिन्न गांव में किया जाता है। जिसके अंतर्गत मारकेल पंचायत, माड़पाल पंचायत, मंगनपुर पंचायत, शिवनागुड़ा पंचायत, कुम्हली पंचायत, बम्हनी पंचायत के शालाओं में ग्राम परपा, ग्राम कालीपुर, ग्राम छपरा भानपुरी एवं केंद्रीय जेल में 250 पौधे यानि 1150 पौधे लगाए गए।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# नौकरी के नाम पर भानबेड़ा हायर सेकंडरी विद्यालय के चपरासी से 7.25 लाख की ठगी

## पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

हायर सेकेण्ड्ररी स्कूल भानबेडा में प्यून के पद पर पदस्थ महिला से आरोपी ने विभिन्न प्रकार से परमानेंट मंत्रालय में नौकरी दिलाने के नाम पर 7,24,232 रूपएं वसूल लिया। आरोपी ने आज तक न तो नौकरी दिलाया और न ही पैसा वापिस कर रहा है। भानुप्रतापपुर पुलिस ने शिकायत पर आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया। भानुप्रतापपुर थाना में शिकायत करने पहुँची डिंपल मानिकपुरी पिता स्व. अजय कुमार मानिकपुरी निवासी ग्राम सम्बलपुर तह. भानुप्रतापपुर ने पुलिस को बताया कि मैं वर्तमान में हायर सेकेण्ड्ररी स्कूल भानबेडा में प्यून के पद पर पदस्थ हूं। मेरा एवं मेरे पिता का परिचय वर्ष 2023 में अर्जुनदास महंत पिता गुरूविंद दास महंत ग्राम पुटा (बस्ती बगरा) जिला गोरेला पेंड्रा मारवाही से हुआ था। उस समय यह हमारे घर सामाजिक कार्य से आयें थे। घर आने-जाने के दौरान माह अक्टुबर 2023 अर्जुन दास महंत के द्वारा हम लोगों को बोला गया कि उसका रायपुर मंत्रालय में बहुत जान पहचान है, जहां पर मुझे वन विभाग में संविदा नौकरी लगा दूंगा कहकर बोला। मैं झांसे में आकर 03 अक्टूबर 2023 को हम लोगों ने उसे 60 हजार रूपयें दे दिए। कुछ दिन बाद वन विभाग में सहायक ग्रेड 03 अर्जुनी वन मण्डल में योगेश यादव कार्यरत थे, अभी हाल ही में कुछ दिन पूर्व अज्ञात कारण वश फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया, उनके स्थान पर मुझे अनुकम्पा नियुक्ति नियमित पद के लिए कहा गया। नौकरी का झांसा देकर उसके बदले में मुझसे तीन लाख दस हजार रूपये की माँग किया गया। मुझे 9 अक्टुबर 2023 को रायपुर मंत्रालय बुलाकर अर्जुन दास महंत के साथ रितेश श्याम पिता संतराम श्याम निवासी ग्राम ओढालीडीह पोस्ट बोईदा जिला कोरबा को मंत्रालय का बाबू बताया और दो लाख साठ हजार रूपएं लेने देने का इकारनामा किया जिसमें सभी दस्तावेज संलग्न है। उसके बाद जनवरी 2024 में नियुक्ति पत्र देने की बात कही, लेकिन हमें नियुक्ति पत्र नहीं मिला फोन आया कि आपकी पोस्टिंग दुर्ग में कर देंगे। पोस्टिंग के लिए 18 दिसम्बर 2023 को एक लाख रूपयें दिए, उसके बाद 12 फरवरी 2024 को ट्रेनिंग के लिए कहा और 20 हजार रूपएं और कप्यूटर सटीफिकेट के नाम से 20 हजार लिया। आरोपी 10 जून 2024 को मेरे घर आए और कहा कि 13 जून 2024 को नियुक्ति पत्र मिल जाएगा। इसके बाद बताया कि जो नियुक्ति करने वाले है, उनका 10 जून 2024 को कार एक्सीडेंट हो गया। आरोपी मेरे से अभी तक 7 लाख 24 हजार 232 रूपएं ले चुका, परंतु न तो नौकरी दिलवाया और न ही पैसा वापिस कर रहा है। भानुप्रतापपुर पुलिस ने महिला की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज करते हुए मामले की जाँच शुरू कर दिया है। पुलिस आरोपी को जल्द जेल की सलाखों में भेजेगी।




## खबर संक्षेप



### परिक्षेत्र साहू समाज दुधावा के अध्यक्ष बने देवलाल

**दुधावा।** प्रदेश साहू संघ छग के द्वारा समस्त जिला, तहसील, परिक्षेत्र, ग्रामीण का चुनाव चल रहा है। कांकेर जिले में ग्रामीण का चुनाव संपन्न हो चुका है और अब परिक्षेत्र साहू समाज का चुनाव चल रहा है। कांकेर तहसील के अंतर्गत आने वाले परिक्षेत्र साहू समाज दुधावा का निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण हुआ एवं सामाजिक चुनाव में एकजुटता का संदेश देते हुए निर्वाचन को निर्विरोध संपन्न कराया, जिसमें परिक्षेत्र अध्यक्ष देवलाल गंजीर, उपाध्यक्ष खिलेश्वर साहू, छबीला साहू व संगठन सचिव गोपेश कुमार साहू व चंद्रिका साहू महिला पद को सर्वसम्मति से चुना गया। इस अवसर पर साहू समाज के सभी सदस्य शामिल हुए।

### नाबालिग ने फांसी लगाकर की खुदकशी, मर्ग कायम

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत जाड़ेकुर्से निवासी 15 वर्षीय अर्चना नाग ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। नाबालिग ने आत्महत्या क्यों किया, यह अभी स्पष्ट नही हो पाया है। पित्तेफुलचुर निवासी 40 वर्षीय प्रेमसिंह पढ़ारी ने पुलिस को बताया कि मृतिका ने 11 अक्टूबर को दोपहर 1 बजें अपने आप को कमरे में बंद करके कमरे के अंदर फांसी लगा लिया। पुलिस द्वारा मर्ग कामय कर विवेचना में लिया गया।

### जिला स्तरीय स्वास्थ्य शिविर 15 अक्टूबर को

**कांकेर।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (चिरायु) अंतर्गत जिला स्तरीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध जिला चिकित्सालय कांकेर में 15 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे से सायं 04 बजे तक किया जाएगा। उक्त शिविर में रायपुर एनएचएमएमआई नारायणा हॉस्पिटल के वरिष्ठ सलाहकार डॉ. किंजल बक्शी बाल हृदय रोग विशेषज्ञ एवं अन्य विशेषज्ञ अपनी सेवाएं देंगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.सी. ठाकुर ने चिरायु दलों एवं अन्य विभागों से समन्वय बनाकर लाभार्थियों को स्वास्थ्य शिविर में लाभ पहुंचाने के लिए निर्देशित किया है।

## निधन

### सुकमोतिन नरेटी



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत दुर्गुकोंदल परिवहन संघ के सदस्य मन्नू राम नरेटी के चाची सुकमोतिन नरेटी का बीती रात को देहांत हो गया, वे तीन दिनों से बीमार थी। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम कोदापाखा में किया गया।

### सियाराम दुग्गा



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के अंतर्गत ग्राम चिहरो निवासी सियाराम दुग्गा का आकस्मिक निधन हो गया, वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम चिहरो में किया गया, जिसमें रिश्तेदार व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## निर्देश : विधायक आशाराम को बैठक की जानकारी होने पर औचक हुए उपस्थित

# सीईओ ने प्राचार्यों की बैठक में 10वीं-12वीं के रिजल्ट के लिए दिया 100 प्रतिशत का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर





मुख्यमंत्री द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग के तहत लिए गए कलेक्ट्रेट कान्फ्रेंस के मुख्य विन्दु पर चर्चा करते हुए शुरूआत किया गया, जिसके परिपालन में जिले के 247 संकुल प्रचार्यों की शिक्षा गुणवत्ता में सुधार एवं बोर्ड कक्षाओं के त्रैमासिक परीक्षा की प्रगति की समीक्षा के लिए मैराथन बैठक कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

विधायक आशाराम नेताम विधानसभा क्षेत्र अपने प्रवास पर ज्ञात हुआ कि शिक्षा गुणवत्ता के संबंध में बैठक आयोजित है उसमें औचक रूप से उपस्थित हुए। उन्होने बताया कि मैं कलेक्ट्रेट आया था और ज्ञात हुआ कि सभी जिले के प्राचार्यों की बैठक आयोजित किया जा रहा है तो मुझसे भी रहा नहीं गया। उन्होने कहा कि मैं भी आप लोगों से मिलने आतुर हो गया। उन्होने बताया कि मैं भी नियमित रूप से विद्यालयों में जाता हूं, मुझे अच्छा लगता है। विधायक ने कहा कि विद्यालयों में नैतिक शिक्षा पर बल दिया जाए और निरीक्षण के दौरान प्रायः यह देखा गया है कि विद्यालय के शिक्षकों के मध्य समन्वय का अभाव रहता है। विद्यालय एक परिवार है और प्राचार्य उनके मुखिया होते है। मुखिया का कर्तव्य परिवार के लोगों को साथ लेकर चलने का है। उन्होने कहा कि क्षेत्र के गरीब आदिवासी बच्चे इन सरकारी स्कूलों में अध्यापन करते है। नौकरी पेशा वाले अपने बच्चों को निजी विद्यालयों में अध्यापन कराते है। गरीब बच्चों के असली पालक आप विद्यालय के प्राचार्य और शिक्षक है। आपके हाथों में ही क्षेत्र के बच्चों की शिक्षा है, उनको रोजगारोन्मुखी शिक्षा से जोड़ने का प्रयास करें।

जिला पंचायत अध्यक्ष हरेश मंडावी के द्वारा बोर्ड कक्षाओं में गत सत्र के परीक्षा परिणाम एवं त्रैमासिक परीक्षा दोनो की समीक्षा की साथ ही त्रैमासिक परीक्षा में खराब प्रदर्शन लाने वाले विद्यालयों से इसके कारणों के संबंध में जानकारी चाही इसके अलावा उन्होने कहा कि बोर्ड कक्षाओं में 100 प्रतिशत रिजल्ट से कम रिजल्ट मान्य नही होगा। त्रैमासिक परीक्षा में खराब प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा अर्धवार्षिक परीक्षा में अंतर विद्यालय मुल्यांकन कराने के निर्देश दिए गए है। जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि जिले के सभी विद्यालयों में अभ्यास कार्यक्रम लागू किया जावे अर्थात जो कठिन विषय है जैसे गणित, अंग्रेजी, विज्ञान, इत्यादि को निजी विद्यालयों के तर्ज पर छात्रों को गृह कार्य दिया जावे तथा नियमित जांच परीक्षण विषयगत शिक्षक द्वारा किया जाए।

जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद ने मुख्यमंत्री द्वारा कलेक्ट्रेट कान्फ्रेंस युडाईस एवं अपार आईडी के प्रगति की समीक्षा एवं पूर्ण कराए जाने पर विद्यालय स्तर पर कार्ययोजना तैयार किया गया।

जिले में शैक्षणिक गुणवत्ता के संबंध में विभिन्न आनलाईन प्रविष्टि को समय सीमा में पूर्ण करने विद्यालय स्तर पर ऑनलाईन प्रविष्टि की प्रभारी का दायित्व एवं समीक्षा किया गया। बिल्डयॉन विकसित भारत, एक पेड मां के नाम, हरित विद्यालय, स्वच्छ भारत स्वच्छ विद्यालय, इंस्पायर अव विद्यांजलि, बीरगाथा, शिक्षक एवं छात्रों की नियमित उपस्थिति हमर लक्ष्य आ व्याख्याताओं की विषयगत उन्मुखीकरण प्रशिक्षण के संबंध में चर्चा किया गया।

## मवेशियों का अवैध परिवहन, गौ सेवकों ने आरोपियों को दबोचा, दर्ज हुआ मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



राष्ट्रीय राजमार्ग 30 चारामा के पास से गुजर रहें पिकप वाहन में 9 नग गौवंश का क्रुरता पूर्वक परिवहन किया जा रहा था। वाहन को रूकवाकर वाहन में भरे पशु के बारे में जानकारी लेने पर बताया कि उक्त मवेशियों को बुचड़खाना ले जाया जा रहा है। गौ सेवकों ने जानकारी पुलिस को दिया और गौ सेवकों की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

चारामा थाना में शिकायत करने पहुंचे बंगलापारा चारामा निवासी 35 वर्षीय उत्तम साहू पिता केशव राम साहू ने पुलिस को बताया कि मैं एवं मेरे गौ सेवक साथी राजू सोनी, टीकम साहू, विश्व हिन्दू परिषद जिला संयोजक मोनू साहू के साथ हम सभी पेट्रोल पम्प के पास सड़क पर बैठी गाय को सड़क से हटा रहे थे। उसी समय वाहन क्रमांक सीजी 19 बीयू 5139 वाहन पिकप सफेद रंग का बहुत तेजी से चालक के द्वारा चलाते हुए चारामा शहर राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर भागने लगा। हम लोगों को संदेह हुआ कि उक्त वाहन में मवेशियों का परिवहन कर रहे हैं, जिस पर हम लोग अपने निजी वाहन से पिकप वाहन का पीछाकर डीजे बाजार के पास रोके, पिकप वाहन ढका हुआ था और खोलकर देखने पर पिकप में 9 नग बैल था। हम लोग गाड़ी में बैठे मनराखन नेताम, सियाराम कोर्राम और गेंदलाल मंडावी से पूछा कि आप लोगों के पास मवेशी ले जाने का कागजात है कि नही। उनके द्वारा गोलमोल बात करने लगे। सियाराम कोर्राम बोला कि याद राम साहू निवासी उसरवारा के कहने पर कृषि पशु को भर्रीटोला चारामा से घुरावंड जिला धमतरी होते हुए आंध्रप्रदेश बूचड़ खाना कटिंग के लिए ले जा रहे हैं। इनके द्वारा कृषि पशु को निर्दयता पूर्वक पिकप वाहन में भरकर बिना चारा पानी के ग्राम भर्रीटोला से आंध्रप्रदेश बूचड़ खाना कटिंग के लिए ले जाना पाया गया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी मनराखन नेताम, सियाराम कोर्राम, गैंदलाल मण्डावी और याद राम साहू के खिलाफ धारा पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम, 196011 (1) (घ), छग कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 10, छग कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 6 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## मर्रामपानी में दशहरा तेल हल्दी सेवा पांडुम और नवा खाई पर्व मनाया



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के ग्राम मर्रामपानी में उयके परिवार द्वारा पारंपरिक दशहरा तेल हल्दी सेवा पांडुम एवं नवा खाई पर्व का आयोजन बड़ी धूमधाम और श्रद्धा के साथ किया गया। यह आयोजन स्थानीय परंपराओं, सामूहिकता और देवी-देवताओं के प्रति आस्था का प्रतीक रहा। कार्यक्रम में टेमरूपानी, तोदो पोड़दगमो सूर्य देव के प्रमुख सिरहा सूरजू राम उयके, सताऊं राम उयके, दशरथ उयके की उपस्थिति में धार्मिक विधि-विधान के साथ देव पूजन, नवा खाई और तेल-हल्दी सेवा पांडुम कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। दशहरा के अवसर पर देवताओं की घर वापसी के उपलक्ष्य में उयके परिवार के सदस्य एकत्रित होकर तेल-हल्दी अर्पण कर देवी-देवताओं का पूजन और आराधना करते हैं। इस दौरान परिवार के वरिष्ठ सदस्यों ने बताया कि नवा खाई एक प्राचीन पारंपरिक आयोजन है, जिसमें नई धान की फसल की पूजा कर देवी-देवताओं का आशीर्वाद लिया जाता है। इस दिन घरों में नए चावल से खीर बनाकर देवी-देवताओं को भोग लगाया जाता है और फिर सभी परिवारजन, रिश्तेदार तथा समुदाय के सदस्य एक साथ बैठकर प्रसाद ग्रहण करते हैं। यह आयोजन न केवल कृषि संस्कृति की समृद्धि का प्रतीक है, बल्कि एकता, पवित्रता और सामाजिक बंधन को भी मजबूत बनाता है। कार्यक्रम में देव सेवादार सिरदार के रूप में देवनाथ उयके, दुर्जन राम उयके, रजनाथ उयके, लच्छिनदार उयके, दानू राम उयके, मानू राम उयके, सोहन उयके, असऊ राम, संजय उयके, सुनील उयके, सहदेव उयके सहित सदस्य और समस्त उयके परिवारजन उपस्थित रहे। पूरे आयोजन के दौरान भक्ति, उत्साह और सामुदायिक सौहार्द का वातावरण देखने को मिला।

## पंचायतों के सशक्तिकरण के लिए सरपंच संघ का सीईओ को ज्ञापन



**कांकेर।** जिला सरपंच संघ ने पंचायतों के विकास और सरपंचों के अधिकारों को सशक्त बनाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम विधायक आशाराम नेताम एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी को संघ के जिलाध्यक्ष संदीप कुंजाम की अध्यक्षता में ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में पंचायतों की कार्यप्रणाली, सरपंचों की सुविधाओं और ग्रामीण विकास योजनाओं के क्रियान्वयन से जुड़ी कई प्रमुख मांगें शामिल की गईं। संघ ने बताया कि पंचायतें ग्रामीण क्षेत्र के विकास की रीढ़ हैं, लेकिन पर्याप्त आर्थिक संसाधनों के अभाव में ग्राम स्तर पर योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन नहीं हो पा रहा है। ज्ञापन में प्रमुख माँगें मूलभूत राशि में वृद्धि की जाए ताकि पंचायतें अपनी आवश्यक गतिविधियाँ और प्रशासनिक कार्य सुचारू रूप से कर सकें। चूंकि कांकेर जिला अनुसूचित क्षेत्र में आता है, अतः सरपंचों को प्रतिमाह एक क्विंटल चावल प्रदाय किया जाए, ताकि उन्हें क्षेत्र भ्रमण व जनसेवा के दौरान आर्थिक सहूलियत मिल सके। मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना के अंतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत को प्रति वर्ष 20 लाख का कार्य दिया जाए, जिससे स्थानीय विकास को गति मिले और ग्रामीण रोजगार सृजन में वृद्धि हो। 16वें वित्त आयोग की राशि को पंचायतों के खातों में शीघ्र हस्तांतरित किया जाए ताकि लंबित कार्यों को समय पर पूर्ण किया जा सके। संघ ने कहा कि पंचायत प्रतिनिधि जमीनी स्तर पर शासन की योजनाओं को लागू करने में अग्रणी भूमिका निभाते हैं, इसलिए उनके संसाधनों में बढ़ोतरी आवश्यक है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष मैना ध्रुव, विष्णु नेताम, शकुंतला नरेटी, प्रदीप कोरोटी, परमेश्वर उसेंडी, मानकू नुरेटी और हेमा हुपेडी सहित कई सरपंच और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## तीन राज्यों के खिलाड़ियो में जेपी स्कूल का रहा दबदबा, ट्राफी पर किया कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



### जेपी रही विजेता

समापन समारोह में केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य राजू गोस्वामी ने विजेताओं को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र प्रदान किए। प्रतियोगिता में जेपी इंटरनेशनल स्कूल, कांकेर ने ओवरऑल विजेता का खिताब अपने नाम किया। प्रथम रनर अप साधुराम विद्यामंदिर, सूरजपुर रहा, जबकि द्वितीय रनर-अप एलॉन्स पब्लिक स्कूल, बेमेतरा रहा।

जेपी इंटरनेशनल स्कूल में तीन दिवसीय खेल आयोजित किया गया, जिसमें इंटर स्कूल टेबल टेनिस, बैडमिंटन और शतरंज टूर्नामेंट ने जिले में खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों को एक नई ऊंचाई दी। तीन दिवसीय इस आयोजन में छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और ओडिशा के प्रतिष्ठित स्कूलों से 180 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल भावना, अनुशासन और नेतृत्व कौशल को बढ़ावा देना था। प्रतियोगिता का शुभारंभ 10 अक्टूबर को किया गया, जिसमें खिलाड़ियों की मार्चपास्ट ने पूरे परिसर को उत्साह और ऊर्जा से भर दिया। सभी प्रतिभागी स्कूलों के छात्र-छात्राएं अपने-अपने ध्वजों के साथ अनुशासित पंक्तियों में मैदान पर पहुंचे। मार्चपास्ट के बाद आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम ने समारोह को और भी जीवंत बना दिया। कार्यक्रम की शुरुआत एक भावनात्मक स्वागत गीत से हुई, जिसमें छात्राओं ने उड़ानें हैं तमन्ना जैसे प्रेरणादायक गीत पर आधारित नृत्य नाटिका प्रस्तुत किया। यह प्रस्तुति खेलों में महिला भागीदारी को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से तैयार की गई थी, जिसमें लड़कियों की खेलों में भागीदारी, संघर्ष और सफलता की कहानी को नृत्य और भाव-भंगिमाओं के माध्यम से जीवंत किया गया। इस प्रस्तुति की थीम समान अवसर और महिला सशक्तिकरण था, जो दर्शकों के दिलों को छू गई। मंच पर आत्मविश्वास से भरे कदमों के साथ छात्राओं ने जब उड़ानें हैं तमन्ना की धुन पर नृत्य किया, तो पूरा सभागार तालियों की गूंज से गूंज उठा। जेपी इंटरनेशनल स्कूल के प्राचार्य रितेश चौबे ने कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में अनुशासन, आत्मबल और नेतृत्व की नींव रखते हैं। हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों को ऐसा मंच देना है, जहाँ वे अपनी प्रतिभा को पहचान सकें और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें। उन्होंने सभी प्रतिभागी स्कूलों का स्वागत करते हुए आयोजन को विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणास्त्रोत बताया। मुख्य अतिथि जिला खेल अधिकारी संजय जैन ने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को आत्मविश्वास और अनुशासन सिखाते हैं। विशिष्ट अतिथि सरंगपाल सरपंच रघुवीर कश्यप और सरंगपाल के प्रतिष्ठित नागरिक श्याम प्रकाश सिन्हा ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

# बसंतनगर के निवासियों को बेदखल किए जाने के विरोध में ग्रामीणों ने जताया रोष


हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



ग्राम पंचायत नारायणपुर के आश्रित ग्राम बसंतनगर के ग्रामीणों ने सोमवार को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भानुप्रतापपुर को ज्ञापन सौंपते हुए गांव के लोगों को बेदखल किए जाने के प्रयासों का विरोध किया। ग्रामीणों ने बताया कि बसंत नगर में आदिवासी मूल निवासी वर्षों से शांति पूर्वक निवास कर रहे हैं तथा शासन द्वारा उन्हें विधिवत वन अधिकार पत्र प्रदान किया गया है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि भानुप्रतापपुर नगर पंचायत क्षेत्र निवासी एक युवक के द्वारा उनके वन अधिकार पत्र को निरस्त करने एवं उन्हें बेदखल करने के उद्देश्य से शिकायत किया गया है, जिससे ग्रामवासी मानसिक रूप से प्रताड़ित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह कार्य न्यायसंगत नहीं है, क्योंकि वन अधिकार पत्र केवल नारायणपुर पंचायत के नहीं बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ और भारत में जारी किए गए हैं। ग्रामीणों ने सवाल उठाया कि जब शासन द्वारा लोगों को बसने के लिए भूमि उपलब्ध कराई गई है, तो फिर एक व्यक्ति द्वारा इस प्रकार की कार्रवाई किस मनसा से की जा रही है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि पूर्व में ग्रामवासियों ने शराब भट्टी को अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने के लिए 20 अगस्त 2025 को ग्राम सभा में आवेदन दिया था, जिस पर 16 सितंबर 2025 को सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर आबकारी विभाग कांकेर को भेजा गया था, परंतु अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। ग्रामीणों ने बताया कि 8, 10 और 11 अक्टूबर को शिकायत करने वाले युवक द्वारा लगातार प्रेस एवं सोशल मीडिया में वन अधिकार पत्र धारकों के खिलाफ भ्रम फैलाया जा रहा है, जिससे गांव में तनाव का माहौल बन गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि नारायणपुर पंचायत के ग्रामवासियों को किसी भी प्रकार की क्षति होती है, तो उसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शिकायत करने वाले युवक की होगी। ग्रामीणों ने एसडीएम से मामले की निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-9165 411411